**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड / BHARAT ELECTRONICS LIMITED**

(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) / **(A Govt. of India Enterprise under the Ministry of Defence)**

**पंचकूला / PANCHKULA**

**विज्ञापन सं./ Advertisement No.: 2026-27/06/PK/ PE(Chemical)/005**
**विज्ञापन जारी करने की तिथि / Date of Release of Advertisement: 25.06.2026**
**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि / Last Date for Receipt of Applications:09.07.2026**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बी.ई.एल.) एक नवरत्न एवं भारत की प्रमुख पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जो कि सैन्य संचार, रडार, नौसेना प्रणाली, C4I प्रणाली, हथियार प्रणाली, होमलैंड सुरक्षा, दूरसंचार और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पाद का उत्पादक हैं।

Bharat Electronics Limited (BEL) a Navaratna Company and India's premier Professional Electronics Company with a portfolio of over 350 different products in the areas of Military Communication, Radars, Naval Systems, C4I Systems, Weapon Systems, Homeland Security, Telecom and Broadcast, Electronic Warfare, Tank Electronics and Electro Optics.

बी.ई.एल. अपनी पंचकूला एकक के लिए परियोजना अभियंता (रसायन) के पद के लिए योग्य पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है।
BEL invites applications from outstanding professionals for the post of Project Engineer (Chemical) for its Panchkula Unit.

| **पद Post** | **पद (पदों) की संख्या No. of Post(s)** | **आरक्षण Reservation** | **Qualification as on 01.06.2026** | **Minimum Post Qualification Experience as on 01.06.2026** | दिनांक 01.06.2026 को सामान्य वर्ग के लिए ऊपरी आयु सीमा **Upper age limit as on 01.06.2026 for General category** |
|---|---|---|---|---|---|
| परियोजना अभियंता (पीई) Project Engineer (PE) | 1 | अनारक्षित / UR-1 | प्रासंगिक विषय में बी.ई/ बी.टेक/ बी.एस.सी रसायन (Chemical) में इंजीनियरिंग डिग्री (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) उत्तीर्ण श्रेणी सहित B.E./ B.Tech./ B.Sc . Engineering degree in Chemical (4 yr course) in relevant discipline with PASS Class | न्यूनतम 02 वर्षों का प्रासंगिक उत्तर-अर्हता औद्योगिक कार्य अनुभव/ Minimum 02 years of relevant post-qualification industrial work experience | 32 वर्ष / Years |

दिवयांग अभ्यर्थियों के संबंध में सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी। Age relaxation will be granted to PwBD candidates as per government guidelines.

**1.0 परियोजना अभियंता के लिए अनुबंध एवं भत्तों की शर्तें / TERMS OF ENGAGEMENT & ALLOWANCES FOR PROJECT ENGINEER:**

| पद / Designation | वर्ष / Year | मासिक समेकित पारिश्रमिक / Consolidated remuneration p.m. | अतिरिक्त देय लाभ / Additional benefits payable |
|---|---|---|---|
| परियोजना अभियंता -I/ PE-I | 1st वर्ष / year | रु./ Rs. 40,000/- | i) रु. 12,000/- प्रति वर्ष बीमा प्रीमियम, पोशाक , सिलाई, फुटवियर भत्ता आदि या कंपनी द्वारा समय-समय पर निर्धारित ऐसे अनुलाभ। Rs.12,000/- per year towards insurance premium, attire allowance, stitching charges, footwear allowance, etc. or such benefits as prescribed by the company from time to time |
| परियोजना अभियंता –II/ PE-II | 2nd वर्ष / year | रु./ Rs. 45,000/- | |
| परियोजना अभियंता –III / PE-III | 3rd वर्ष / year | रु./ Rs. 50,000/- | |
| परियोजना अभियंता –IV / PE-IV | 4th वर्ष / year | रु./ Rs. 55,000/- | |

**परियोजना अभियंता – I :** परियोजना अभियंता – I की नियुक्ति शुरुआत में तीन वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी। परियोजना की आवश्यकता और व्यक्ति के प्रदर्शन के आधार पर इसे एक वर्ष और बढ़ाया जा सकता है।

**Project Engineer – I :** Project Engineer-I will be engaged initially for a period of THREE years which may be extended for one more year based on Project requirement and individual's performance.

**परियोजना अभियंता हेतु सेवा निरंतरता बोनस (रिटेंशन बोनस):** जो परियोजना अभियंता - I 04 वर्ष का पूर्ण कार्यकाल समाप्त करेंगे, वे प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए रु. 25,000 की दर से कुल रु. 1,00,000/- के बोनस के पात्र होंगे। यह राशि 04 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर ही देय होगी। **RETENTION BONUS for Project Engineers:** Project Engineer-I who complete overall tenure of 4 years will be entitled for Retention Bonus of Rs.25,000/- for every completed year. However, the retention bonus will be payable at the end of 4 years i.e.Rs.1,00,000/-.

**2.0 शैक्षणिक योग्यता / EDUCATIONAL QUALIFICATION**

| पद / Post | योग्यता / Qualification as on 01.06.2026 | विषय/ Discipline |
|---|---|---|
| परियोजना अभियंता/ Project Engineer | अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा अनुमोदित महाविद्यालय/ संस्थान या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में 4 वर्षीय अभियांत्रिकी स्नातक डिग्री (बी.ई./ बी.टेक./ बी.एससी. इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण। | a) **रसायन** / Chemical |

| | | |
|---|---|---|
| | B.E./ B.Tech./ B.Sc. Engineering degree (4 yr course) from an AICTE approved college/ Institute or a recognised University in relevant discipline with PASS Class | |

**कृपया ध्यान दें / Please Note :**

a. ऐसे आवेदक जिनके डिप्लोमा प्रमाण-पत्र/ डी.एम.सी. में उल्लिखित विषय/ विशेषज्ञता निर्धारित विषय से मेल नहीं खाता है, उनके चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
Applicants whose discipline/ specialisation mentioned in their Degree Certificates do not tally with the discipline/ specialisation prescribed in the advertisement will not be considered for selections.

b. मूल्यांकन की सी.जी.पी.ए या क्रेडिट प्रणाली के सम्बन्ध में, अभ्यर्थियों को संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार सी.जी.पी.ए/क्रेडिट को प्रतिशत में परिवर्तित करने का फार्मूला संलग्न करना आवश्यक है। यदि कोई विश्वविद्यालय/संस्थान या महाविद्यालय सी.जी.पी.ए/डी.जी.पी.ए/ओ.जी.पी.ए या लेटर ग्रेड की मूल्यांकन प्रणाली का अनुसरण कर रहा है, तो अभ्यर्थी के लिए डिग्री प्रमाण-पत्र के साथ विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय द्वारा जारी प्रतिशत (%) का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
In case of CGPA or credits system of assessments, the candidates are required to attach the formula for conversion of CGPA/ Credits to percentage in accordance with the respective University norms. In case any University/ Institution or college is following an evaluation system of CGPA/ DGPA/ OGPA or letter grade, wherever applicable, it is mandatory for the candidate to submit proof of Percentage (%) issued by University/ Institution/ College and awarded class along with the degree certificate.

c. सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों का अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त संस्थान से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
For all the posts indicated, the candidates should have qualified from AICTE/ UGC approved college/ Institute or recognized University.

d. आवेदकों का संबंधित विषय में कम से कम उत्तीर्ण श्रेणी (पास क्लास) प्राप्त होना आवश्यक है।
Candidates applying for the above indicated posts should have secured Pass class in respective discipline.

e. डिग्री पूर्ण होने के प्रमाण के रूप में अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से अनंतिम (प्रोविजनल) या अंतिम डिग्री प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, जिसमें श्रेणी और अंकों का प्रतिशत स्पष्ट हो।
Candidates have to compulsorily attach the Provisional/ Final Degree Certificate as proof of completion of Degree and indication of Class and percentage of marks.

f. निर्धारित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों को बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त या रद्द कर दिया जाएगा।
Candidate's application without the relevant prescribed documents mentioned will be rejected/ cancelled without any prior intimation.

## 3.0 प्रासंगिक अनुभव / RELEVANT POST-QUALIFICATION EXPERIENCE

निम्नानुसार विशेष अनुभव वाले अभ्यर्थियों को ही कार्य भूमिका के लिए योग्य माना जाएगा। Candidates with specific experience as per the job responsibilities brought out below only will be considered for the job role.

| पद/ Post | न्यूनतम अनुभव (01.05.2026 तक) / Minimum Post Qualification Experience as on 01.06.2026 | प्रासंगिक कार्य अनुभव / Relevant Post Qualification Experience |
|---|---|---|
| **परियोजना अभियंता** / Project Engineer | डिग्री पूर्ण करने के पश्चात औद्योगिक कार्य क्षेत्र में न्यूनतम 02 **वर्ष** का अनुभव। / Minimum 02 years of relevant post-qualification industrial work experience | **इन क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव:** / Hands on experience of<br>1. ETP plant<br>2. Electroplating plating plant<br>3. Powder coating plant |

**कृपया ध्यान दें / Please Note:**
अनुभव की प्रासंगिकता और निर्दिष्ट श्रेणी में उम्मीदवारों के चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

The decision of the selection committee, with respect to relevance of experience and selection of candidates in specified grade will be final.

अभ्यर्थी के पास पिछले और वर्तमान नियोक्ता (संस्थान) द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र या दस्तावेज होने चाहिए, जिनमें रोजगार की अवधि और पद का स्पष्ट उल्लेख हो।
Candidate should possess experience certificates/ documents issued by the previous and present employer clearly indicating period of employment and post held.

औद्योगिक अनुभव के संबंध में चयन समिति का निर्णय सर्वोपरि होगा। बिना सहायक दस्तावेजों के दर्शाए गए कार्य अनुभव को मान्य नहीं किया जाएगा और आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है।
The decision of the Selection Committee with respect to industrial experience will be final. Work experience indicated without supporting documents will not be considered and is liable to be rejected/ cancelled without any prior intimation.

## 4.0 अधिकतम आयु सीमा एवं आयु में छूट / UPPER AGE LIMIT & RELAXATION

**परियोजना अभियंता:** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा **32 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए। 40% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले (PwBD) अभ्यर्थियों को, ऊपर वर्णित श्रेणियों के लिए लागू छूट के अतिरिक्त, **10 वर्ष** की विशेष छूट दी जाएगी।
**Project Engineer**: The age limit should not be more than 32 years for General candidates. For candidates belonging to PwBD category having 40% disability or more will get 10 years' relaxation in addition to the relaxation applicable to the categories mentioned above.

जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में माध्यमिक विद्यालय परीक्षा विवरणिका (SSLC/SSC) या किसी अन्य वैध सरकारी दस्तावेज को स्वीकार किया जाएगा।
SSLC/ SSC/ ISC mark card and any other valid document will be considered as proof of date of birth.

विशेष ध्यान दें / Please Note:

i) आयु सीमा में छूट चाहने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। चयन होने पर या प्रक्रिया के किसी भी चरण में सत्यापन हेतु मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
Candidates seeking age relaxation will be required to attach copy of necessary certificate along with application and submit in original in case of selection or provide at any subsequent stage of the process for verification.

ii) जाति या दिव्यांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप कड़ाई से बी.ई.एल. (BEL) की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। ऐसा न होने पर अभ्यर्थी को 'सामान्य' श्रेणी के अंतर्गत माना जाएगा, बशर्ते वे सामान्य वर्ग की अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हों।
The Caste/ Disability Certificate should be strictly in the format available on the BEL website failing which, candidates will be considered under 'General' category, provided they are otherwise meeting all other criteria stipulated for General Candidates.

iii) निर्धारित आयु सीमा को पूरा न करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त या रद्द कर दिए जाएंगे।
The application of the candidates not meeting the prescribed age criteria will be rejected/ cancelled without any prior intimation.

iv) भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में आयु सीमा में छूट सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएगी।
Age Relaxation will be extended as per Govt. guidelines in respect of Ex-Serviceman.

## 5.0 कार्य संबंधी जिम्मेदारियाँ / JOB RESPONSIBILITIES

- विद्युत प्लेटिंग संयंत्र (इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्लांट) से निकलने वाले जल को 'क्रोमियम न्यूनीकरण टैंक' और 'साइनाइड ऑक्सीकरण टैंक' में छोड़ने की निगरानी करना, बहिःस्राव उपचार संयंत्र (ई.टी.पी.) में इसके शोधन की गतिविधियों को देखना, केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार गाद (स्लज) के निपटान सहित शोधन प्रक्रियाओं का दैनिक विवरण/दस्तावेजीकरण बनाए रखना और लेखापरीक्षा (ऑडिट) हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार करना।
  Monitoring the discharge water from electroplating plant into Chromium reduction tank & Cyanide oxidation tank, its treatment activities in Effluent treatment plant (ETP), maintaining the log book/documentation for the treatment processes including disposal of sludge as per central & state pollution control board norms and preparation of required documents for Audit.

- विद्युत प्लेटिंग प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक विभिन्न रसायनों के रासायनिक मिश्रण की निगरानी करना, जैसाकि: क्रोमेट रूपांतरण (PS-252/253), मृदु/कठोर एनोडाइजिंग (PS-740/741), टिन प्लेटिंग (PS-722), निकेल प्लेटिंग (PS-715) आदि। साथ ही केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार 'स्टैक एमिशन' (चिमनी उत्सर्जन) सहित विद्युत प्लेटिंग प्रक्रियाओं का लेखा-जोखा रखना और लेखापरीक्षा हेतु दस्तावेज तैयार करना ।
  Monitoring the chemical composition of various chemicals required for Electroplating plating processes viz. Chromate Conversion (PS-252/ 253), Soft/ Hard Anodizing (PS-740/ 741), Tin Plating (PS-722), Nickel Plating (PS-715) etc, maintaining the log book/documentation for the Electroplating plating processes including Stack Emission as per central & state pollution control board norms and preparation of required documents for Audit.

- पेंटिंग और चूर्ण लेपन (पाउडर कोटिंग) के विभिन्न रंगों एवं पेंटिंग कार्यों की निगरानी करना। केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार चिमनी उत्सर्जन सहित पेंटिंग प्रक्रियाओं का दैनिक विवरण/दस्तावेजीकरण बनाए रखना और लेखापरीक्षा हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार करना।
  Monitoring the different shades of painting/ powder coating, its painting operations, maintaining the log book/documentation for the painting processes including Stack Emission as per central & state pollution control board norms and preparation of required documents for Audit.
  The above job responsibilities are only indicative and not exhaustive.

## 6.0 चयन प्रक्रिया / SELECTION PROCEDURE

### a. आवेदन कैसे करें/ HOW TO APPLY

i. अभ्यर्थियों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाइट https://bel-india.in/job-notification/ पर उपलब्ध लिंक पर शीघ्र आवेदन करें एवं उसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि /समय तक प्रतीक्षा न करें। यदि अंतिम समय की जल्दबाजी के कारण अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।
Candidates in their own interest are advised to apply & submit application promptly and not to wait till the last date/time for applying online on the link available on our website https://bel-india.in/job-notifications/. BEL shall not be responsible if candidates are not able to submit their applications on account of the last minute rush.

ii. कृपया भविष्य के संदर्भों के लिए आवेदन पत्र की प्रति और भुगतान पावती पर्ची अपने पास रखें।
Please retain print-out of application form & payment acknowledgement slip for future references.

iii. कृपया आवेदन पत्र या किसी अन्य दस्तावेज की हार्ड कॉपी बीईएल के कार्यालय में न भेजें।
Please do not send hard copy of the application form or any documents to the office of BEL.

iv. अभ्यर्थियों को इस विस्तृत विज्ञापन को बहुत ध्यान से पढ़ना होगा और इस पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता की जांच करनी होगी।
Candidates must go through this detailed advertisement very carefully and check their eligibility before proceeding to apply ONLINE for the position.

v. ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवार निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज तैयार रखें
Before filling-up of application through on-line mode, the candidate should keep ready, the following details/ documents:

1. वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर-उचित संचार के लिए व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर प्रदान करने का सुझाव दिया जाता है।
Valid E-mail ID & Mobile Number - For proper communication it is suggested to provide personal E-mail ID & Mobile No.

2. हाल ही के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो (3 महीनों से अधिक पुराना नहीं) की स्कैन की गई प्रति/सॉफ्टकॉपी। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक ही फोटो का उपयोग किया गया है।
Scanned copy/ Softcopy of the recent passport size color Photograph (not older than 3 Months). Candidates should ensure that the same photograph is used throughout this recruitment process.
3. स्कैन किए गए हस्ताक्षर / Scanned signatures.

vi. कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार उम्मीदवार द्वारा भरी गई श्रेणी में बदलाव नहीं किया जाएगा।
Kindly note that the Category once filled by candidate in the on-line application form will not be changed.

vii. अभ्यर्थियों के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नं. होना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय हो। आवेदन अनुक्रम संख्या, प्रयोक्ता आईडी, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी (कृपया यह सुनिश्चित करें कि इस मेल बॉक्स को भेजा गया ईमेल आपके जंक/स्पैम फ़ोल्डर पर रीडायरेक्ट न हो) और मोबाइल नं. पर भेजी जाएँगी।
Candidates should have a valid personal e-mail ID & Mobile No. and must ensure that it is active during the entire recruitment process. Application sequence number, User ID, Password and all other important communication will be sent on the same registered e-mail ID (please ensure that email sent to this mail box is not redirected to your junk/spam folder) & mobile No.

viii. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। आप आवेदन पत्र जमा करने से पहले उसमे सूचना बदल सकते हैं। एक बार फॉर्म जमा करने के बाद, इसे संपादित नहीं किया जा सकता है।
Candidates should take utmost care in furnishing/providing the correct details while filling-up the on-line application. YOU CAN EDIT THE INFORMATION BEFORE SUBMISSION OF APPLICATION. Once the Form is submitted, it can’t be edited.

ix. अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां तैयार रखनी होगी
Candidates should keep scanned copies of the following documents ready when applying online

- **हाल ही में लिया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो**
  **Recent Passport Size Photograph**
  a. फोटो हल्की पृष्ठभूमि (03 महीनों से अधिक पुराना नहीं) पर हाल ही में खींचा गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो होना चाहिए।
  Photograph must be a recent passport size colour picture on light background *(not older than 03 Months)*.
  b. सामान्य चहरे के साथ कैमरे की ओर सीधे देखें।
  Look straight at the camera with a relaxed face.
- **हस्ताक्षर / Signatures**
  a. आवेदक को काली स्याही के पेन से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करना होगा।
  The applicant has to sign on white paper with Black ink pen.
  b. हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किए जाने चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा।
  The signature must be signed only by the applicant and not by any other person.
  c. कृपया केवल हस्ताक्षर क्षेत्र को स्कैन करें न कि पूरे पृष्ठ को।
  Please scan the signature area only and not the entire page.
- एसएसएलसी/माध्यमिक प्रमाण-पत्र (आयु का प्रमाण) / SSLC/Matriculation Certificate (proof of age)
- पीयूसी/12वीं कक्षा के अंक पत्र (यदि लागू हो)/ PUC/12th Class Marks Card (if applicable)
- अनंतिम/अंतिम डिप्लोमा डिग्री प्रमाण-पत्र / Provisional/Final Diploma Degree Certificate(s)
- जाति प्रमाण-पत्र / Caste Certificate
- दिव्यांगता प्रमाण-पत्र / Disability Certificate (In case of PwBD Candidate)
- पूर्व से लेकर वर्तमान नियोक्ता तक के डिस्चार्ज बुक/पोस्ट क्वालिफिकेशन अनुभव प्रमाण-पत्र। योग्यता पश्चात अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए कार्यग्रहण/नियुक्ति पत्र और

कार्यमुक्ति पत्र (जहां लागू हो) संलग्न करने की आवश्यकता है।यदि अभ्यर्थी के अनुभव की प्रासंगिकता स्थापित नहीं की जा सकती है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Post qualification experience certificate(s) from previous and current employer/** Discharge Book in case of ex servicemen**.** The joining/appointment letter and relieving letter (wherever applicable) needs to be attached to determine the number of years of post-qualification experience. In case relevancy of experience of the candidate cannot be established, his candidature will be not be considered.

- यदि उम्मीदवार पीएसयू/ सरकारी संगठनों/ अर्ध सरकारी संगठनों में कार्यरत हैं तो उन्हें आवेदन या साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना चाहिए। Candidates if working in PSUs/ Govt. organizations/ Quasi Government organisations should compulsorily submit '**No Objection Certificate**' at the time of application or interview.
- **भारतीय स्टेट बैंक (SBI) शुल्क भुगतान की रसीद (यदि लागू हो)/ SBI Fee Payment Receipt** (if applicable).
- अपनी भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और अनुभव का लिखित विवरण। / Write up of the roles and responsibilities/ experience.
- कोई भी अन्य प्रासंगिक शैक्षणिक या तकनीकी प्रमाण-पत्र। / Any other certificates

**b. आवेदन शुल्क का भुगतान / FEE PAYMENT**

i. अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान एस.बी.आई. कलेक्ट (ऑनलाइन माध्यम या भारतीय स्टेट बैंक की शाखा) के माध्यम से करना होगा। / Candidates are required to remit application fee through SBI Collect (through online mode or through SBI Branch).

| **पद / Post** | **आवेदन शुल्क / Application Fee** | **छूट / Exemption** |
|---|---|---|
| परियोजना अभियंता / Project Engineer | रु./ Rs. 400 + 18% GST | *अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), दिव्यांग (PwBD) और भूतपूर्व सैनिकों को शुल्क भुगतान से छूट दी गई है।* */ Candidates belonging to SC, ST & PwBD categories / Ex-servicemen are exempted from payment of application fee.* |

ii. भुगतान करने के लिए अभ्यर्थियों को विवरण पढ़ना और भुगतान के लिए स्क्रीनशॉट लेना आवश्यक है। Candidates are required to read the details and screenshots for making the payment.

iii. अभ्यर्थी भुगतान करने के लिए किसी भी एस.बी.आई. शाखा में जा सकते हैं। वहां भुगतान विकल्प में 'एस.बी.आई. शाखा' चुनें, चालान डाउनलोड कर उसका प्रिंट लें और बैंक शुल्क के साथ राशि जमा करें। बैंक अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
Candidates can also make the payment by approaching SBI branch. Candidates are required to select SBI branch in the payment option and download & print the challan generated through SBI Collect and deposit the application fee with applicable bank charges in any SBI Branch. The candidate should ensure to obtain the seal and signature of the bank official.

iv. भुगतान के पश्चात प्राप्त "एस.बी.आई. कलेक्ट संदर्भ संख्या" को आवेदन पत्र में दर्ज करना अनिवार्य है। Candidates have to enter the "SBI Collect Reference No." generated after payment, in the Application Form.

v. उम्मीदवार आवेदन शुल्क जमा करने और आवेदन भेजने से पहले सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ लें। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवार ध्यान दें कि आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए कोई चेक, डीडी या नकद स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Candidate may go through all instructions and eligibility criteria carefully before remitting application fees and sending the application. Fees once paid will not be refunded under any circumstances. Candidates may take note that no cheque, DD or cash will be accepted towards payment of application fee.

vi. एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे एसबीआई कलेक्ट में वही मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज करें जो उन्होंने आवेदन पत्र में उल्लेखित किया है।

While paying application fees through SBI collect, candidates should ensure that they mention the same mobile number and email id in SBI collect as has been mentioned by them in the application form.

**भुगतान करने के लिए निर्देश / INSTRUCTIONS FOR MAKING PAYMENT:**

i. कृपया www.onlinesbi.com पर जाएं और 'स्टेट बैंक कलेक्ट' चुने। / Go to www.onlinesbi.sbi and select:- State Bank Collect.
ii. नियम और शर्तें स्वीकार करें और "प्रोसीड" पर क्लिक करें। / Accept Terms and Conditions and click on "Proceed".
iii. निगम/संस्थान का राज्य चुनें:- ऑल इंडिया। / Select state of Corporation/ Institution: - All India.
iv. निगम/संस्था का प्रकार चुनें: - पीएसयू - पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग और "गो" विकल्प पर क्लिक करें। / Select type of Corporation/ Institution: - PSU – Public Sector Undertaking and Click on "Go" option.
v. सेलेक्ट करें पीएसयू - पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग: - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का चयन करें और "सबमिट" बटन पर क्लिक करें।/ Select PSU - Public Sector Undertaking: - Bharat Electronics Limited and Click on "Submit" button.
vi. भुगतान श्रेणी का चयन करें: -- Project Engineer (Chemical)" / Select Payment category: - "Project Engineer (Chemical)"
vii. उपर्युक्त बताए गए विवरणानुसार अनुसार भुगतान पूरा करें। / Complete the payment as explained above
viii. भुगतान रसीद का प्रिंट लें और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। / Take a print of the payment receipt and attach it with the application form.

c. लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर, प्रत्येक श्रेणी में योग्यता क्रम (मेरिट) के अनुसार 1:5 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। / Selection will be through written test followed by interview. Based on the Written Test score, candidates will be shortlisted for interview in the order of merit in the ratio 1:5 in each category.

d. चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा व्यय या भत्ता नहीं दिया जाएगा। / No traveling expenses/ allowance will be given for attending the selection process.

e. चयन के लिए आते समय, उम्मीदवारों को सावधानीपूर्वक आवेदन में विवरण दर्ज करना होगा और निर्धारित दस्तावेजों को संलग्न करना होगा। उम्मीदवारों द्वारा आवदेन-पत्र में प्रदान जानकारी के आधार पर ही स्क्रीनिंग और चयन होगा। ग़लत/झूठी सूचनाए, तथा अधूरी जानकारी देने पर आयोग्य ठहराया जा सकता है और बी.ई.एल. ग़लत/झूठी/अधूरी सूचनाओं के कारण अभ्यर्थी को हुए किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। चयन के किसी भी चरण में अगर पता चलता है कि उम्मीदवार नें आवदेन में ग़लत सूचनाएं दी हैं तो बी.ई.एल. के पास यह अधिकार है कि वह अभ्यर्थी कों चयन प्रक्रिया से किसी भी चरण में बाहर कर सकती है। अभ्यर्थी की पात्रता से संबंधित सभी मामलों में बीईएल का निर्णय, वे चरण जिन पर पात्रता की ऐसी जांच की जानी है, अर्हताएं और अन्य पात्रता मानदंड उम्मीदवार पर अंतिम और बाध्यकारी होंगे। / When coming for the selection, candidates have to carefully enter the details in the application and attach the documents as prescribed. Screening and selection will be based on the details provided by the candidates in the application form. Furnishing of wrong/ false information and inaccurate

or incomplete information will be disqualified and BEL will not be responsible for any consequence of furnishing such wrong/ false/ inaccurate/ incomplete information. If at any further stage of selection, it is found that candidates have declared false information w.r.t. their credentials, BEL reserves the right to debar them at any stage of selection without prior intimation. Decision of BEL in all matters regarding eligibility of the candidate, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, qualifications and other eligibility norms will be final and binding on the candidate.

f. विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्तता हेतु अपेक्षित न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार है –/ Minimum qualifying marks required for suitability for different categories of candidates are as under:

| श्रेणी / Category | लिखित परीक्षा / Written test | साक्षात्कार / Interview |
|---|---|---|
| सामान्य / General | 35% | 35% |
| दिव्यांग / PwBD | 30% | 30% |

लिखित परीक्षा का भार (Weightage) 85% और साक्षात्कार का 15% होगा। / The assessment weightage will be 85% and 15% for written test and interview respectively.

**कृपया नोट करें / Please Note:**
अभ्यर्थियों को आवेदन में सावधानीपूर्वक विवरण दर्ज करना होगा और यथा निर्धारित दस्तावेज संलग्न करने होंगे। यदि उल्लिखित विवरण सहायक दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवार का आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार कर दिया जाएगा।/ Candidates have to carefully enter the details in the application and attach the documents as prescribed. In case, the details mentioned do not tally with the supporting documents, the candidate’s application will be rejected without any prior intimation.

## 7.0 सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS

i. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं। / Only Indian citizens can apply.

ii. अधिकतम स्वीकार्य आयु, अर्हता और अर्हतोत्तर अनुभव आदि निर्धारित करने की अंतिम तिथि 01.06.2026 होगी। योग्यता पश्चात कार्य अनुभव की गणना करने के लिए, उस तारीख से शुरू होने वाले कार्य अनुभव की अवधि जिसके बाद उम्मीदवार को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता की अंक-पत्र जारी किया गया था/ जिस तिथि को विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा परिणाम जारी किया गया था, पर विचार किया जाएगा। किसी विशेष विषय के लिए श्रेणी/जाति आधारित पदों में रिक्ति के अभाव में, श्रेणी के उम्मीदवार जो आवेदन करते हैं को सामान्य वर्ग मानदंड के समतुल्य माना जाएगा। The Cut-off date for deciding the maximum permissible age, qualification and Post Qualification experience etc. shall be 01.06.2026. In order to compute post qualification work experience, the period of work experience starting from the date following which the marksheet of the essential educational qualification was issued to the candidate / the date on which result was issued by the university/ institution shall be considered. In absence of vacancy in category/ caste based posts for a particular discipline, category candidates who apply will be treated at par with UR Criteria.

iii. पीएसयू/ सरकारी/ अर्ध सरकारी संगठनों में काम करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्रस्तुत करना होगा। ऐसे उम्मीदवार जो साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहेंगे, उनके साक्षात्कार पर विचार नहीं किया जाएगा।
Candidates working in PSUs/ Government/ Quasi Government organizations should compulsorily produce “No Objection Certificate” at the time of the interview. Such candidates, who are unable to produce NOC at the time of interview, will not be considered for interview.

iv. आवेदन में घोषित श्रेणी/डाक पते/ईमेल आईडी/पदों के परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। Request for change of category/ mailing address/ email ID/ posts as declared in the application will not be entertained.

v. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों के लिए सरकारी निर्देशों के अनुसार छूट और रियायतें विशेष श्रेणी में रिक्ति के अधीन लागू होंगी।
Relaxations and Concessions will be applicable to the candidates belonging to SC/ ST/ OBC/ PwBD as per the Government directives subject to the vacancy in the particular category.

vi. उम्मीदवारों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ईमेल आईडी (आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज की जानी चाहिए) को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें। एक बार ईमेल आईडी दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से ही किए जाएँगे। सूचना/संचार आदि प्राप्त करने और डाउनलोड करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। ईमेल बाउंस होने, अमान्य ईमेल आईडी के कारण ईमेल प्राप्त न होने, उम्मीदवार द्वारा चुने गए सेटिंग विकल्प आदि के लिए बी.ई.एल. जिम्मेदार नहीं होगी और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Candidates are required to possess at least one valid e-mail ID. Candidates are advised to keep the email ID (to be entered compulsorily in the application form) active for at least one year. No change in the email ID will be allowed once entered. All correspondence with candidates shall be done through email only. Responsibilities of receiving and downloading of information/ communications etc. will be of the candidate. BEL will not be responsible for bouncing of e-mails, non-receipt of e-mails due to invalid e-mail IDs, setting options exercised by the candidate, etc. and no correspondence in this regard will be entertained.

vii. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होना चाहिए। The Disability Certificate should be strictly in the format available on the BEL website.

viii. ऊपर दर्शाई गई पदों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है। The number of posts indicated above may vary based on the actual requirement at the time of selection.

ix. किसी भी रूप में पक्ष प्रचार करने से अयोग्य ठहराया जाएगा। Canvassing in any form will result in disqualification.

x. केवल योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। चयन प्रक्रिया के सभी/ किसी भी चरण में प्रवेश पूरी तरह अनंतिम होगा। केवल प्रवेश पत्र/ साक्षात्कार का आमंत्रण पत्र/ उम्मीदवार को नियुक्ति का अनंतिम प्रस्ताव जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी बीईएल द्वारा अनुमोदित की गई है। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य ठहराने/ अयोग्य ठहराने का अधिकार।

सुरक्षित रखती है और आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई और सूचना जारी किए या उसके बाद कोई कारण बताए भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है।

Merely fulfilling the minimum requirement of qualification and experience will not vest any right on the candidates to be called for the Interview/ Written Test. The admission at all / any stage of selection process will be purely provisional. Mere issue of admit card/ interview call letter/ provisional offer of appointment to the candidate will not imply that his/ her candidature has been cleared by BEL. BEL reserves the right to debar/ disqualify any candidate at any stage of the selection process for any reason what so ever and also reserves the right to cancel/ restrict /enlarge /modify or alter the recruitment or selection process, if need so arises without issuing any further notice or assigning any reason thereafter.

निर्दिष्ट संलग्नक न भेजने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, भले ही अभ्यर्थी ने आवेदन शुल्क जमा कर दिया हो। / Failure to bring the indicated enclosures will result in disqualification, even if the candidates have remitted the application fee.

अधूरे, निर्धारित प्रारूप में न भरे गए, अयोग्य, आवश्यक संलग्नकों के बिना आवेदनों को बिना कारण बताए तुरंत खारिज कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। ई-मेल/किसी अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। / Applications that are incomplete, not in the prescribed format, not eligible, without the required enclosures will be summarily rejected without assigning reasons and no correspondence in this regard will be entertained. Application(s) sent through e-mail / any other channel will not be considered.

किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी उम्मीदवार को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।
There will be no separate communication to any candidate on their non-selection at any stage.

xi. प्रशिक्षु अभियंता/परियोजना अभियंता/क्षेत्र प्रचालन अभियंता जो वर्तमान में बीईएल में कार्यरत हैं, उनकी सूचना यूनिट/एसबीयू/सीएसजी के संबंधित मानव संसाधन एवं विकास विभाग को दी जाएगी जहां अभियंता कार्यरत हैं। वर्तमान में बीईएल में कार्यरत परियोजना अभियंता/अधिकारी परियोजना अभियंता/अधिकारी के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। क्षेत्र प्रचालन अभियंता/अधिकारी जो वर्तमान में बीईएल में कार्यरत हैं, फील्ड प्रचालन अभियंता/अधिकारी के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। यदि आवेदन किया जाता है तो आवेदन बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।The Trainee Engineers/ Project Engineers/ Field Operation Engineers who are currently working in BEL, prior intimation shall be given to the respective HR department of the Unit/ SBU/ CSG where the engineer is working. Project Engineers/ Officers who are presently working in BEL will not be eligible to apply for the post of Project Engineer/ Officer. Field Operation Engineers/ Officers who are presently working in BEL will not be eligible to apply for the post of Field Operation Engineer/ Officer. If applied, the application will be summarily rejected without assigning any reasons.

xii. उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट के करियर खंड में दिए जाएंगे और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।
Any revision, clarification, addendum, corrigendum, time extension etc. to the above advertisement will be hosted on the careers section of BEL website and no separate notification will be issued in the press. Candidates are advised to visit the website regularly to keep themselves updated.

xiii. पदस्थापन कंपनी की आवश्यकता के आधार पर की जाएगी। The postings will be done based on the Company's requirement.

xiv. कार्य की तात्कालिकता के आधार पर उम्मीदवारों को अन्य परियोजनाओं/बाहरी साइटों, इकाइयों पर भी काम करने के लिए तैनात किया जा सकता है। Candidates may also be deployed to work on other projects / outstation sites, units, based on exigencies of work.

xv. अंतिम चयन के परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। अनंतिम नियुक्ति आदेश चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा जारी किया जाएगा। The results of the final selection will be made available on BEL website. The Provisional appointment order will be issued to the selected candidates by email.

xvi. BEL reserves the right to change (cancel / modify / add) any of the criteria, method of selection, number of posts; indicated above based on the actual requirement at the time of selection.

xvii. आवेदन हेतु निर्धारित संकाय और उम्मीदवार के प्रमाण-पत्र में उल्लिखित संकाय में अंतर पाए जाने पर आवेदक को चयन हेतु स्वीकृति नहीं मिलेगा। Candidates whose specialization mentioned in the degree certificate does not tally with the branch mentioned in the application will not be considered for selection.

xviii. उम्मीदवारों द्वारा आवदेन-पत्र में प्रदान जानकारी के आधार पर ही स्क्रीनिंग और चयन होगा। ग़लत/झूठी सूचनाए, तथा अधूरी जानकारी देने पर आयोग्य ठहराया जा सकता है और बी.ई.एल. ग़लत/झूठी/अधूरी सूचनाओं के कारण अभ्यर्थी को हुए किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।Screening and selection will be based on the details provided by the candidates in the application form. Furnishing of wrong/ false information and inaccurate or incomplete information will result in disqualification and BEL will not be responsible for any consequence of furnishing such wrong /false/ inaccurate/ incomplete information.

चयन के किसी भी चरण में अगर पता चलता है कि उम्मीदवार नें आवदेन में ग़लत सूचनाएं दी हैं तो बी.ई.एल. के पास यह अधिकार है कि वह अभ्यर्थी कों चयन प्रक्रिया से किसी भी चरण में बाहर कर सकती है। If at any further stage of selection, it is found that candidates have declared false information w.r.t. their credentials, BEL reserves the right to debar them at any stage of selection.

xix. यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी अन्य संस्करण में प्रावधानों की व्याख्या के कारण कोई विवाद होता है तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
In case any dispute arises on account of interpretation of clauses in any version of this advertisement other than English, the English version available on BEL website shall prevail.

xx. भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी परिणामी विवाद पंचकूला/चंडीगढ़ में स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।
Any resulting dispute arising out of this advertisement including the recruitment process shall be subject to the sole jurisdiction of the Courts situated at Panchkula/ Chandigarh.

xxi. अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा 'Medically Fit' पाए जाने की शर्त पर होगी। चयन पर रिपोर्ट करने के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थी को सिविल सर्जन/ सहायक सिविल सर्जन द्वारा अपनी चिकित्सा जांच करानी होगी और कंपनी की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।
Appointment of the provisionally selected candidate will be subject to being found 'Medically Fit' by the Company's medical authorities as per the medical fitness standards laid down by the Company. The candidate who is called to report on selection should get himself/ herself medically examined by such authority as prescribed by BEL and submit the medical report as per the requirement of the Company.

**अस्वीकरण / Disclaimer**

बीईएल के पास एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह उम्मीदवार की योग्यता के आधार पर हैं। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या शुल्क नहीं लेती है या धनराशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है। हम नौकरी चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संवाद से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है।

BEL has a robust and transparent recruitment process where the selection criteria are purely based on merit of the candidate. BEL does not demand or charge any fee or request for money deposits at any stage of the recruitment process other than the application fee mentioned in this advertisement. We urge job seekers not to be misled by any communication made by fraudsters purporting to be representatives of our Company and demanding payment in lieu of employment in BEL. The Company is not liable for any loss that may ensue from such fraudulent actions.

बीईएल को ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है। BEL reserves its right to take legal action including criminal action against such fraudsters.

विज्ञापन और आवेदन शुल्क से संबंधित प्रश्नों के लिए हमसे ईमेल pkhrrect@bel.co.in, टेलीफोन नं. 0172-2865254 पर संपर्क करें।

For queries related to the advertisement and payment of application fee contact us at email: pkhrrect@bel.co.in, Tel No.0172-2865254.

**किसी भी प्रश्न के लिए आप हमसे belpanchkula@jobapply.in पर संपर्क कर सकते हैं।**

**For any technical support or other queries you can reach out to belpanchkula@jobapply.in.**

***************